पानीपत की जनता में बुखार का प्रकोप

पानीपत/कौशिक। मौसम का लगातार बदल रहा मिजाज लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। छोटे से लेकर बड़े तक बुखार, जुकाम व खांसी की चपेट में आ रहे हैं। सुबह शाम की ठंड शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। वहीं पानीपत के सिविल अस्पताल में बुखार के रोगियों की ओपीडी 350 पार हो चुकी है। जिला पानीपत के लगभग 150 सरकारी, निजी व अन्य छोटे क्लीनिक में बुखार की ओपीडी 10 हजार से अधिक हो चुकी है। टायफाइड भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। डेंगू के संदिग्ध रोगियों की जांच का आंकड़ा लगभग 820 पहुंच चुका है। सिविल अस्पताल की लैब में प्रतिदिन 194 सैंपल की जांच हो रही है।

सरकार के प्रयासों से लाभार्थियों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ : डिप्टी सीएम

गुरुग्राम में 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद' के दौरान दुष्यंत चौटाला ने की कई घोषणाएं

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

गुरुग्राम/चंडीगढ़, (धरणी)। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा सरकार की नेक सोच और तकनीक का लाभ निरंतर लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साल 2047 में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में टैक्नोलॉजी प्रमुख माध्यम बनेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में बड़े स्तर पर आधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करने में प्रदेश सरकार की ओर से निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई परिवार पहचान पत्र जैसी सेवा इसका जीवंत उदाहरण है, इसकी वजह से आज बुजुर्गों को पैंशन और जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। वे वीरवार को गुरुग्राम में भारत सरकार और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त करने के लिए स्वामित्व योजना चलाई गई है और इसका लाभ अब प्रदेश के सभी गांवों में मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव अलीपुर में लड़कों और लड़कियों के स्कूलों में सोलर बेस्ट डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने, सोहना में पढ़ने वाली छात्राओं की सुविधा के लिए अलीपुर-घामड़ौज से सीधी बस सेवा आरंभ करने, गुरुग्राम-सोहना मार्ग से अलीपुर को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण, गांव घामड़ौज में मंदिर वाले तालाब को तालाब प्राधिकरण के माध्यम से अमृत सरोवर के तौर पर विकसित करने आदि की घोषणाएं भी की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने सोहना के विधायक संजय सिंह व ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी सुना। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड भी वितरित किए।

बस से महिला का गहने व नकदी का पर्स चोरी

पानीपत, (कौशिक): जिले के इसराना उपमंडल की रहने वाली एक महिला का हरियाणा रोडवेज में पर्स चोरी हो गया। महिला करनाल से इसराना तक सफर कर रही थी। पर्स में 9 तोला सोना 40 हजार कैश व डेबिट कार्ड था। महिला ने 4 अज्ञात सवारियों पर चोरी करने का शक जताया है। मामले की शिकायत इसराना थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में पूनम देवी ने बताया कि वह गांव अहर जिला पानीपत की रहने वाली है। 28 नवंबर की शाम करीब 4 बजे वह करनाल के नमस्ते चौक से हरियाणा रोडवेज की बस में सवार हुई थी। यहां 3-4 अज्ञात युवक बस में सवार हुए थे। जब वह इसराना पहुंची तो यहां उसने अपना बैग चेक किया। बैग में देखा कि उसका पर्स नहीं था।

इनैलो में शामिल हुए अजीत सिंह व कार्यकर्त्ता

नीलोखेड़ी/आहूजा

नगर के जानेमाने चेहरे 8 वर्षो से आम आदमी में पेंठ बनाने वाले अजीत सिंह रंगा ने एकाएक आप पार्टी छोड़ इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का हाथ थाम लिया है। अजित सिंह ने अपने साथियों सहित चंडीगढ़ पहुंचकर अभय सिंह चौटाला के समक्ष इनैलो पार्टी जॉइन की। अजीत सिंह का कहना है कि 8 वर्ष आम आदमी पार्टी में जीतोड़ काम करने बाद भी पार्टी के नेताओ में यही खामियां है कि उनको काम करने वाले वर्करों की पहचान नही है। मेने अपनी जेब से लाखों रुपये खर्च कर पार्टी में अपनी पहचान खुद बनाई और पार्टी के लिए काम किया परन्तु आप आदमी पार्टी आम लोगों की पार्टी नही है इस में सीएम की दावेदारी रखने वाले बहुत से चेहरे हैं। आप पार्टी की टिकट के मुद्दे पर बोलते हुए अजीत सिंह ने कहा की टिकट कोई भी ले आयेगा परन्तु सीट निकालने के लिए धरातल पर काम करना पड़ता है वह टीम नीलोखेड़ी हल्के में हमारे अतिरिक्त नही है और हमें पार्टी की नीतियां समझ न आने की वजह से हमने पार्टी को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है।

पैसे के लेनदेन को लेकर दोस्त ने ही की थी दोस्त की हत्या

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/ मेहता - थाना सदर यमुनानगर की पुलिस टीम ने 25 नवंबर को गांव रतनपुरा निवासी संदीप की हत्या का खुलासाकर एक आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में मृतक संदीप के दोस्त गांव रतनपुरा निवासी आशीष उर्फ आशु को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जोगिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। जोगिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी कारपेंटर का काम करता है और मृतक संदीप के साथ उसकी दोस्ती थी। मृतक संदीप तीर्थ नगर में मोबाइल की दुकान चलाता था। उन्होंने बताया कि आरोपी आशीष को पैसों की जरूरत थी और उसने अपने दोस्त मृतक संदीप के पास एक सोने की अंगूठी गिरवी रख कर करीब 10 से 15 हजार पैसे लिए थे और तय हुआ था कि वह हर महीने उसे किस्तों के रूप में पैसे देगा। वह लगातार किस्तें दे रहा था। मृतक संदीप पैसे पूरे होने के बावजूद भी आरोपी आशीष से कह रहा था कि तेरी किस्ते पूरी नहीं हुई। वह और पैसे मांग रहा था। इसी बात को लेकर आरोपी आशीष मृतक संदीप से अंदर-अंदर रंजिश रखने लग गया और उसने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। 25 नवंबर को आशीष तीर्थ नगर मृतक संदीप की दुकान पर पहुंचा। दोनों वहां से एक ही बाइक पर चल दिए और रास्ते में एक बीयर व शराब ठेके से ली और इशोपुर गेहूं के खेत में बैठकर शराब पीने लगे। इस दौरान उनकी आपस में बहस हो गई और आरोपी आशीष ने बियर की बोतल उठाकर संदीप के सिर में मार दी, उसके बाद दोनों की खूब हाथापाई हुई। दोनों लड़ते-लड़ते गन्ने खेत में चले गए और इस दौरान मृतक संदीप की टी शर्ट फट गई इस टी शर्ट से आरोपी आशीष ने संदीप का गला दबा दिया और उसकी हत्या कर दी।

खट्टर सरकार पैरालिसिस की स्थिति में : अनुराग ढांडा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़/धरणी। आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रैसीडैंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को पार्टी कार्यालय में प्रैसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खट्टर सरकार पैरालिसिस की स्थिति में है और प्रदेश के लोगों का समर्थन खो चुकी है। इसलिए किसी भी विभाग का कोई भी मंत्री अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर ने 22 जिलों जनसंवाद कार्यक्रम किए, उसमें नगर निगम से 1694 शिकायतें मिली उनमें से 1532 शिकायतें अभी तक पेंडिंग हैं। जब सीएम खट्टर जनसंवाद के लिए गए तो लोगों में उम्मीद जगी कि उनकी जो फाइलें सरकारी दफ्तरों में अटकी हुई हैं उनका कुछ समाधान निकलेगा, लेकिन लोगों की शिकायतों को कोई समाधान नहीं हुआ। इसका मतलब मुख्यमंत्री खट्टर का जनसंवाद पूरी तरह से फेल हो गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल 83 हजार बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं, उनकी नकल करके जब हरियाणा में अमित शाह आए तो उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की घोषणा की, लेकिन नकल के लिए अकल की जरुरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अनाउंस होने के बाद पंजाब सरकार की तरफ से तीर्थ यात्रा के लिए ट्रेन रवाना कर दी और अगले 95 दिनों में 53 हजार पंजाब के बुजुर्ग तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। जबकि हरियाणा में एक भी तीर्थ यात्री खट्टर सरकार की अनाउंस की गई योजना में तीर्थ दर्शन करने के लिए नहीं गया है और न अभी तक कोई योजना है कि कब भेजेंगे। प्रैस कांफ्रेंस में पंचकूला के जिलाध्यक्ष रणजीत उप्पल और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष करण लौट भी मौजूद रहे।

सतलुज स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

शाहाबाद/स्वामी- गुरुवार को शाहाबाद के सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में 27वां वार्षिक खेल उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ जिसकी लेफ्टिनेंट सरदार बिक्रमजीत सिंह मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे और ध्वजारोहण करके खेल उत्सव की शुरुआत की। विद्यार्थियों ने हाथों में झण्डे लेकर मार्च पास्ट किया और अनुशासन में रहकर खेलने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्यातिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली और संबोधन में कहा कि खेल हमें न सिर्फ़ अनुशासन बल्कि ईमानदारी व नेतृत्व का गुण भी प्रदान करते हैं। खेल खिलाड़ियों को संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते हैं। और इसी प्रेरणा से व्यक्ति जीवन मे अपनी मुश्किलों पर फ़तेह भी हासिल करने में सफल रहते हैं। इसलिए हमें खेल को हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से खेलने चाहिए।उन्होने ये भी कहा कि खेल में एक खिलाड़ी की जीत तो दूसरे की हार निश्चित है।इसलिए हारने पर दुःखी होने की बजाए हमे जीत के लिए और मेहनत करनी चाहिए। स्कूल के प्राचार्य डॉ0 आर.एस.घुम्मन ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया और कहा की हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह का पूरा परिवार खेलों से जुड़ा है और इस परिवार ने देश का गौरव बढ़ाने में खूब पसीना बहाया है।

एसडीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर दिए दिशा-निर्देश

इन्द्री/अनेजा- एसडीएम अशोक कुमार ने 2 दिस बर को उपमंडल इन्द्री के विभिन्न गांवों में पहुंचने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन से संबंधित नगर पालिका के सभागार में उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और संबंधित अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रबंधों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम अशोक कुमार ने बैठक में बताया कि प्रदेश के जरूरतमंद पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों में उन लोगों को भी शामिल किया जाएगा जो योजनाओं का लाभ लेकर अपना जीवन सही ढंग से गुजर-बसर कर रहे हैं। ये लोग अपने अनुभव को दूसरे लोगों के साथ सांझा करेंगे। उन्होंने बताया कि मु यत: प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना आदि आयुष्मान भारत, जन औषधि योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, कौशल विकास योजनाओं, पीएम विश्वकर्मा योजना सरीखे कार्यक्रमों पर पूरा फोकस रहेगा।

एसडी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

पानीपत, (कौशिक): एसडी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाइयों, रोटरी क्लब पानीपत रेनबो, जिला रेडक्रस सोसाइटी पानीपत और एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के एनएसएस कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं, स्टाफ सदस्यों और पानीपत के नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर अवनीत कौर रही। अतिविशिष्ट डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट और प्रोटैक्शन ऑफिसर रजनी गुप्ता रहे। इस अवसर पर रोटरी क्लब पानीपत रेनबो के प्रैसीडैंट अमित भंडारी, प्रोजेक्ट निदेशक सुमित मित्तल, जनरल सेक्रेटरी सचिन, रेडक्रॉस ब्लड बैंक से डॉ.पूजा सिंघल, सुनीता एएनएमए रणबीर सिंह काउंसलर और अन्य अधिकारियों ने रक्त को एकत्रित करने का दायित्व संभाला और रक्तदाताओं का हौंसला बढाया।

महाविद्यालय के छात्र पारस ने भारत्तोलन में जीता कांस्य पदक

इन्द्री/अनेजा- शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी के विद्यार्थियों ने 24 नवंबर से 26 नवंबर तक नूह मेवात में आयोजित हुई राज्य स्तरीय भारत्तोलन चैंपियनशिप में भाग लिया इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के इन्द्री निवासी बीए प्रथम वर्ष के छात्र पारस ने सीनियर कैटेगरी 73 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिता में पारस ने अपने जीवन की एक नई ऊंचाइयों को छुने की बहादुरी दिखाई। खेलों में रुचि के साथ-साथ पारस की पढ़ाई में भी बहुत रूचि है। अपनी इस सफलता का श्रेय पारस ने अपने माता पिता और कोच नीरज सैनी को दिया है। खेलों के प्रति डाक्टर सतीश कुमार भारद्वाज ने ही विद्यार्थियों को प्रेरित और मार्गदर्शित किया है। यह महाविद्यालय के लिए एक श्रेष्ठतम उपलब्धि रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विकास अत्री एवं अन्य उपस्थित प्राध्यापकों ने पारस की सफलता पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कलकत्ता 700020
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जैसे कि गैर प्रदर्शित सम्पत्तियों (एनपीए) वर्गीकृत ऋणों और बैंक से उनके द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा के इंट्रेस्ट और मुख्य पुन: अदायगी में दोषी निम्नलिखित ऋणदाता/ों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा सुरक्षित क्रैडिटर के प्रावधान अनुसार उनके अंतिम दिए पते पर सिक्योरिटी इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण और प्रतिभूतिकरण की धारा 13 (2) के अन्तर्गत उनको नोटिस जारी किया गया था, जो बांटा नहीं गया था उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता	प्रतिभूती सम्पत्ति की सम्पत्ति का पता/इनफोर्सड हुई सम्पत्ति	सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि	एनपीए तिथि
1.	आर ट्रेड एंड लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड/रौनक कुमार अग्रवाल, पूजा देवी अग्रवाल, कमलेश देवी अग्रवाल, ग्रांटर/कमलेश देवी अग्रवाल बंधक/ निदेशक रौनक कुमार अग्रवाल एवं पूजा देवी अग्रवाल द्वारा प्रतिनिधत्व महंतो कॉम्प्लेक्स द्वितीय मंजिल नजदीक मुन्नी मार्केट, कुंडली नगर रोड, बसिष्ठ चरियाली बेलटोला गुवाहटी-781029/198905000236/198955000012	फ्लैट 504, पांचवीं मंजिल, नाम और शैली के तहत 'गेम्स विलेज', भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ, माप 0.67, पट्टा संख्या 1 बसिष्ठ संख्या II बेलटोला मौजा गुवाहटी के डेग संख्या 14 द्वारा कवर किए गए लगभग 70 बीघे भूमि के एक भूखंड से बाहर (1250 वर्ग फीट) हाउस बियरिंग एम.सी. संख्या यू-71 भूतन दरवाजा लोहार, तहसील एवं जिला भिवानी (234 वर्ग गज)	अक्टूबर 10, 2023 रु. 1,63,58,483/-	24/08/ 2023

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणदाता/ों और/ या उनके ग्रांटरों को सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर-भीतर खड़ी अदायीगियों की (जहां भी लागू हो) हिदायत की जाती है, वरना सुरक्षित इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के वित्तीय सम्पत्तियों और प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण और विनिर्माण के प्रावधानों अनुसार उपरोक्त जारी सूचना अवधि की समाप्ति के पश्चात अगले स्टैप्स लागू होंगे।

तिथि: दिसंबर 01, 2023
स्थान: हरियाणा (भिवानी)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	गुलशन मल्होत्रा/ सरिता रानी/ LBKKR00005610359/ HPKKR00046410267	प्लॉट नंबर 1, माप 6 मरला, जिसमें खेवट नंबर 330, खतौनी नंबर 429, खसरा नंबर 82/ 7 (8-0), 14 (8-0), किट्टी 02, 3/160 भूमि माप का हिस्सा है 16 कनाल स्थित मौजा पेहोवा, एच.बी. नंबर 41, भारत नगर पेहोवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा/ नवंबर 28, 2023	जुलाई 05, 2023 रु. 24,90,688/-	कुरुक्षेत्र

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 01, 2023
स्थान : कुरुक्षेत्र

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **प्रतीकात्मक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	राजू पांचाल (ऋणदाता) कबीर पांचाल (सह-ऋणदाता) पूनम पांचाल (सह-ऋणदाता) गीता देवी (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHKNL00001326627	वसीका नं. 2515 1 गांव बुढ्ढा खेड़ा इनसाइड नगर पालिका खेवट नं. 14 14 खतौनी नं. 14 किते 9 करनाल हरियाणा-132001	रु. 33,86,716/- 20, नवम्बर 2023	रु. 92,47,543/- रु. 9,24,760/-	18 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	09 जनवरी 2024 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **08 जनवरी , 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 08 जनवरी 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001** में या **08 जनवरी , 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **करनाल** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: दिसंबर 01, 2023
स्थान: करनाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001
शाखा कार्यालय: सिटी स्क्वायर, प्रथम मंजिल, प्लॉट नं. 932/935, सामने आईबी कॉलेज, जी.टी. रोड, पानीपत-132103
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 45-46, प्रथम मंजिल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कालोनी, सामने मुगल कनाल फाउंटेन चौक, करनाल-132001
शाखा कार्यालय: एससीओ 154, प्रथम मंजिल, रेड स्क्वायर मार्केट, यूई-1, नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
शाखा कार्यालय: एससीओ नं. 121, सैक्टर 17, प्रथम मंजिल, कमर्शियल बेल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	विनोद कुमार (ऋणदाता) अरुण कुमार (सह-ऋणदाता) सुशील कुमार (सह-ऋणदाता) चरण दास (सह-ऋणदाता), Loan A/c No. NHKTL00001262841 & NHKTL00001262840	सम्पत्ति आईडी 155सी10 6यू105, प्लाट नं. 22, 23, वार्ड नं. 22, 23, वार्ड नं. 23, खेवट नं. 23, खेवट नं. 69/154, मुरब्बा नं. 93//10/2, 11/1, 94//7/1,6, 14/2, 15,किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री 93//10/2, 11/1, 94//7/1, 6, 4/2, 15, किते 2, न्यू पियोडा रोड, शास्त्री नगर पटेल नगर, वाका पट्टी गदर, तहसील कैथल, हरियाणा।	रु. 1,94,60, 344/- 20, नवम्बर 2023	रु. 84,85,560/- रु. 8,48,560/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक
2.	गुणपाल शर्मा (ऋणदाता) कृष्णा (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHHNS00001260648	यूनिट नं. 364/3 रामपुरा मोहल्ला पिन कोड 125033 हांसी-125033	रु. 18,39,681, 20, नवम्बर 2023	रु. 16,18,107/- रु. 1,61,820/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक
3.	रविन्दर कुमार (ऋणदाता) ओम दत्त (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHYGR00001281170	खेवट/खतौनी नं. 59/66, खसरा नं. 30//14/2/1, हदबस्त नं. 146, वाका गांव तिबड़ी तहसील सिढ़ौरा जिला यमुनानगर हरियाणा।	रु. 31,39,771, 20, नवम्बर 2023	रु. 20,03,887/- रु. 2,00,390/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक
4.	राजेश कुमार (ऋणदाता) रेखा रानी (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHAMB00001389094 &LHAMB00001389092 & LHAMB00001389090	प्लाट शामिल खेवट नं. 153, खतौनी नं. 216 मौजा बुढ्ढ में स्थित, वार्ड नं. 6, विकास नगर, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र।	रु. 14,79,060, 17, नवम्बर 2023	रु. 6,93,017/- रु. 69,310/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00बजे से सायं 03.00 बजे तक
5.	प्रदीप कुमार (ऋणदाता) अंजू (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. NHDBW00001268339	खसरा नं. 1583/17 खाता नं. 2032, बैकसाइड मीना बाजार, डबवाली सिरसा-125104.	रु. 9,95,362, 17, नवम्बर 2023	रु. 7,05,672/- रु. 70,570/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
6.	मोनू (ऋणदाता) शबनम (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHSMK00001300709	मकान खेवट नं. 226, खतौनी नं. 278, 279 गांव पावटी तहसील समालखा पर स्थित, पानीपत-132103	रु. 16,32,149, 23, नवम्बर 2023	रु. 11,92,063/- रु. 1,19,210/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
7.	प्रदीप अंतिल (ऋणदाता) नमिता (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHSNP00001332203	शॉप नं. 20, 21, 22, पश्चिम रुआ ग्राउंड फ्लोर मेहदूदा बेहदूदा अरबा ए जेल मोमिरा, पुख्ता वाका, अबादी मशहद, मोहल्ला मोहनपुरा, अंदर हदूद, सोनीपत, नजदीक गीता भवन चौक-131001 सोनीपत हरियाणा	रु. 40,53,438, 23, नवम्बर 2023	रु. 29,05,654/- रु. 2,90,570/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक
8.	राजेश (ऋणदाता) दीपक, विद्या (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHSNP00001350126 & LHSNP00001350124	खेवट नं. 859 खाता नं. 1093 किला नं. 59//17 गढ़ी ब्राह्मण सरस्वती विहार सोनीपत हरियाणा 131001 एनए सोनीपत हरियाणा 131001	रु. 23,72,164, 23, नवम्बर 2023	रु. 21,97,935/- रु. 2,19,800/-	11 दिसंबर 2023 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	19 दिसंबर 2023 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **18 दिसंबर, 2023 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 18 दिसंबर 2023 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटल्स रोड, नजदीक सुभाष चौक, सोनीपत-131001** में या **18 दिसंबर, 2023 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **कैथल, हांसी, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, सिरसा, पानीपत, सोनीपत** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300** या अन्य **सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: दिसंबर 01, 2023
स्थान: कैथल, हांसी, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, सिरसा, पानीपत, सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड